## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड से गिरफ्तार अलकायदा मॉड्यूल के मास्टर माइंड डॉक्टर इश्तियाक अहमद समेत पांच संदिग्धों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले गयी पुलिस।
2. केन्द्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने चंपई सोरेन प्रकरण पर झामुमो पर कसा तंज, कहा–राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए हेमंत सोरेन जिम्मेवार।
3. भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दुग्ध उत्पादों के पैकेट से ए–1 और ए–2 के दावे हटाने का दिया आदेश।
4. मौसम विभाग ने रांची, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी समेत राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश का औरेंज अलर्ट किया जारी।
5. मेजबान रांची और सिमडेगा की टीम राज्यस्तरीय नेहरु कप हॉकी के फाइनल में, आज शाम होगा खिताबी मुकाबला।

*************

झारखंड से गिरफ्तार अलकायदा माड्यूल के मास्टर माइंड डॉक्टर इश्तियाक अहमद समेत पांच संदिग्धों को दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अपने साथ दिल्ली ले गयी है। जिन संदिग्धों को दिल्ली ले जाया गया है उनमें डॉक्टर इश्तियाक के अलावा हजारीबाग का फैजान अहमद, चान्हों का मतिउर रहमान, रिजवान बाबर और मुफ्ती रहमतुल्ला शामिल हैं। इन सबको दिल्ली पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले गयी है।

*************

भाजयुमो की रांची में हुई युवा आक्रोश रैली के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प में 13 लोग घायल हुए हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि रैली पर सरकार की ओर से बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गयी। विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चंपाई सोरेन प्रकरण को लेकर झामुमो पर तंज कसा है। रांची में पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा स्थिति के लिए हेमंत सोरेन जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्री सोरेन सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

*************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेडियों से मुक्त किया है।

*************

इधर, झारखंड में भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी रांची में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। मौके पर पीआईबी के एडीजी अखिल कुमार मिश्रा के अलावा कई विद्यालयों के छात्र–छात्राएं मौजूद थे। बच्चे अंतरिक्ष के विषय में नई और विस्तृत जानकारी पाकर काफ़ी उत्साहित दिखे।

*************

अंतरिक्ष दिवस पर रांची स्थित बीआईटी मेसरा के स्पेस इंजीनियरिंग एंड रॉकेट्री विभाग में भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीआईटी मेसरा के सहायक प्रोफेसर डॉ राजीव कुमार ने कहा कि अंतरिक्ष दिवस मनाने से देश के छात्र–छात्राओं में अंतरिक्ष के प्रति रुचि बढ़ेगी।

*************

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफ.एस.एस.ए.आई. ने खाद्य उत्पाद से जुडे संचालकों और ई–कॉमर्स प्लेटफार्म पर खाद्य उत्पाद से जुडे संचालकों से दूध और दूध से बने उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए–वन और ए–टू के बारे में सभी दावे तत्काल हटाने का आदेश दिया है। प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि खाद्य उत्पाद से जुडें संचालक ए–वन और ए–टू के वर्गीकरण के अंतर्गत दूध और घी, मक्खन और दही जैसे दूध से बनने वाले उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि दूध में ए–वन और ए–टू का वर्गीकरण आवश्यक रूप से प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। इसलिए दूध वसा उत्पादों के संबंध में ए–टू का दावा भ्रामक है और ये प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

*************

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत गोड्डा जिले के आदिम जनजाति बहुल सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से संबंधित छह संकेतकों के बारे में जागरूक करना है।

*************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्र सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा है। मंत्रालय ने संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की स्थानीय परम्पराओं के आधार पर संबंधित संस्थान के लिए उचित भारतीय ड्रेस कोड तैयार करे।

*************

सरायकेला खरसावां जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

*************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रांची के अलावा पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल और झारखंड के ऊपर निम्न दवाब का क्षेत्र कायम है, जिसका असर राज्य में दिख रहा है।

*************

मेजबान रांची और सिमडेगा की टीम मोरहाबादी स्थित एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में चल रही राज्यस्तरीय नेहरु कप प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंच गयी है। दोनों के बीच आज शाम खिताबी मुकाबला होगा। सेमीफाइनल मैच में रांची ने खूंटी को और सिमडेगा ने हजारीबाग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

*************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में भाजयुमो की आक्रोश रैली के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–भाजपा नेताओं पर बरसे आंसू गैस के गोले, 13 घायल।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–भाजयुमो की रैली में बवाल, दागे गये आंसू गैस के गोले।

दैनिक जागरण लिखता है– आक्रोश रैली में भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रभात खबर की सुर्खी है– गंभीर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था डा. इश्तियाक अहमद।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– मुख्यमंत्री पहुंचे जमशेदपुर, पूर्व सांसद की दिवंगत पुत्री को दी श्रद्धांजलि।